## सार-समाचार

### 85 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांचा

**रामगंजमंडी** (निसं)। निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश कुमार सोनी के निर्देश पर शुक्रवार को चिकित्सा विभाग ने चेचट स्थित श्रीनाथ इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड की खदान पर सिलिकोसिस जागरुकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में खदान और आस-पास क्षेत्रों के 85 श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कर परामर्श दिया। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि चिकित्सा टीम में कोटा से आए डॉ चेतन शर्मा पीसीएमओ व लैब सुपरवाइजर पवन शर्मा एसटीएस शैलेंद्र मीणा व त्रिलोक चंद सहित चेचट सीएचसी के स्टॉफ देवीलाल धाकड़ एवं रेखा सिसोदिया लैब टेक्नीशियन ने भी सेवाएं दी। इस दौरान 8 श्रमिकों को स्पूटम जांच और 8 को चेस्ट एक्सरे के लिए रेफर किया गया। मौके पर कई श्रमिकों का बीपी-शुगर भी जांचा गया। जिला क्षय रोग अधिकारी कोटा डॉ एसएन मीणा ने बताया कि शिविर में आए लोगो को सिलिकोसिस रोग से बचाव के उपाय और बचाव के साधन अपनाने की हिदायत दी। खनन क्षेत्रों में ड्रिलिंग कार्य करते समय व ब्लास्टिंग मशीन से खनन में काम करते समय उड़ती धूल-मिट्टी से बचाव करने, खनन क्षेत्रों के कच्चे रास्तों पर पानी का छिड़काव करने, खनन कार्य के समय डस्ट मास्क का उपयोग करने जैसे उपाय बताए गए। साथ ही टीबी रोग से बचाव-उपचार संबंधी निक्षय मित्र, निक्षय संबल योजना आदि की जानकारी दी भी गई।

### सिंघवी ने विधानसभा में कछावन पेयजल योजना का मामला उठाया

**छबड़ा** (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने शुक्रवार को विधानसभा में तारांकित प्रश्न के जरिए कछावन पेयजल योजना को फिर से स्वीकृत करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कछावन पेयजल योजना 2018 में स्वीकृत हुई। इसमें 16 गांव व 3 ढाणियों को पेयजल उपलब्ध कराया जाना था। इसके लिए 21 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। कांग्रेस सरकार ने 2019 में इस योजना को निरस्त कर दिया। विधायक ने कहा कि इस योजना को फिर से चालू किया जाए। जल संसाधन मंत्री ने उत्तर में बताया कि कछावन पेयजल योजना से 16 गांव व 3 ढाणियों को पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन इन गांवों को वृहद परवन-अकावद परियोजना में शामिल करने के कारण मंत्री परिषद समिति द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में वित्त समिति की 761वीं बैठक में योजना की स्वीकृति निरस्त कर दी गई। वृहद परवन-अकावद परियोजना की निविदा वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। इसके पैकेज 4 में 16 गांव शामिल हैं। इसकी फ्री क्वलिफिकेशन बिड 25 जून को निर्णीत हो चुकी है। योजना का कार्यादेश जारी होने के बाद 20 माह में योजना के प्रभावी समस्त कार्य पूर्ण कर पेयजल उपलब्ध कराया जाना लक्षित है। सिंघवी ने कहा कि इस योजना को अलग से स्वीकृत कर जल्द काम चालू कराया जाए।

### परिवार कल्याण कार्यशाला आयोजित



**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के अम्बेडकर सामुदायिक भवन में परिवार कल्याण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिको का सम्मान किया गया। बीसीएमओं डॉ. महेश भूटानी ने बताया कि यहां उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) ने चिकित्सा कार्मिकों को प्रचार-प्रसार करते हुए जनसंख्या नियंत्रण के लिए आमजन को प्रेरित करने के लिए समझाया और विस्तृत जानकारी दी। भूटानी के अनुसार छबड़ा सीएचसी में 17 जुला को महिला व पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी कल दौरे पर

**झालावाड़** (निसं)। ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी 14 जुलाई को झालावाड जिले के दौरे पर रहेंगे। जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड ने बताया कि प्रभारी मंत्री 13 जुलाई को दोपहर 3 बजे जयपुर से रवाना होकर रात्रि 8 बजे झालावाड पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाऊस झालावाड में करेंगे। वहीं 14 जुलाई को प्रात: 10 बजे बजट घोषणाओं के तेज गति से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिनी सचिवालय के सभागार में समीक्षा बैठक लेंगे। इसके पश्चात् प्रभारी मंत्री प्रात: 11.30 बजे प्रेसवार्ता करेंगे। वहीं दोपहर 12.05 बजे 'एक पेड मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 1 बजे बारां के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आज जलापूर्ति बाधित रहेगी

**रामगंजमंडी** (निसं)। परियोजना के जल श्रोत्र आम्बाकुई इन्टेक वेल पर हाई प्रेशर के कारण 500 एमएम डीआई पाइप लाइन की गैस्केट अत्यधिक प्रेशर के कारण फटने से लीकेज हो गई है। जिसमें अत्यधिक पानी का रिसाव होने से लाइन व पम्प को बंद करके 13 जुलाई शनिवार को प्रात: 9 बजे शट डाउन लेकर रिपेयर किया जाएगा। जिसके कारण 13 जुलाई शनिवार को शाम को होने वाली जल सप्लाई चेचट मोडक गांव मोडक स्टेशन पर बाधित रहेगी व 14 जुलाई रविवार को प्रात: को होने वाली जल सप्लाई चेचट मोडक गांव मोडक स्टेशन व परियोजना के पीएससीसी पाइप लाइन से जुड़े गांवों में आंशिक जलापूर्ति बाधित रहेगी। उक्त जानकारी बलभद्र शर्मा सहायक अभियंता पीएचईडी(ग्रामीण)ने दी।

### नयन सी.ए. बने, हर्ष व्यक्त किया

**छबड़ा** (निसं)। क्षेत्र के बालापुरा निवासी नयन नागर का चार्टेड एकाउंटेंट परीक्षा में चयन होने पर धाकड समाज सेवा समिति ने हर्श व्यक्त किया। समिति अध्यक्ष रामेष्वर नागर ने बताया कि बालापुरा निवासी गिरिराज नागर के पुत्र नयन नागर का सीए परीक्षा में चयन होने पर समाज के लोगो ने खुषी जाहिर की। नयन का कहना है कि कोई भी मुश्किल कार्य आपकी उन्नति में बाधा नहीं बन सकता। केवल आपके इरादे मजबूत होना चाहिए। ज्ञातव्य रहे कि नयन ने 10वीं में 92 व 12वीं में 93 प्रतिषत अंक हासिल किए थे और इसके पिता छबड़ा में एकाउंटेंट हैं।

### बालिकाओं को कॉपी-पेन बांटे

**रामगंजमंडी** (निसं)।क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार स्व.बहादुर देवड़ा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सभी पत्रकार बन्धुओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्कूल में बालिकाओं को कॉपी पेन भेंट किए।साथ ही राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती रोगोयों को फल वितरण किए गए।इस मौके पर युवराज देवड़ा रवि मेहरा राजू राठौर नवीन पुरोहित हरीश खलोरा प्रदीपसिंह मोडू राठौर आजम चौधरी जय शर्मा अजयराजसिंह राजेन्द्र महावर धीरेंद्रसिंह हाड़ा पंकज पारेता बृजेश पोरवाल व सिद्धार्थ घाटोड सहित आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

**छबड़ा** (निसं)। एसडीएम रामसिंह गुर्जर द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र खुर , बटावदापार, गोडियामेहर आदि क्षेत्रों दौरा किया। जिसमें खुर के ग्रामीण एवं गोडियामेहर आश्रम में कार्यरत लोगो से जल भराव के दौरान सावधानी बरतने की समझाइश की गई एवं ग्राम पंचायत में उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी भी मौजूद थे।

### मंत्री हीरालाल नागर कल बूंदी में

**बूंदी** (निसं)। ऊर्जा राज्य मंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर 14 जुलाई को बूंदी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नागर 14 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे बूंदी पहुंचेंगे। इसके बाद राज्य बजट के संबंध में प्रेस वार्ता करेंगे। तत्पश्चात जिला प्रभारी सचिव जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे और इसके बाद 'एक पेड मां के नाम' अभियान का शुभारंभ करेंगे।

# अघोषित बिजली कटौती के विरोध में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन

■ अधीक्षण अभियंता कक्ष में जमकर हंगामा, एस.ई. को खरी खोटी सुनाई, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**बूंदी** (निसं)। बूंदी जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कागजो में ही विद्युत आपूर्ति हो रही है। अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन कर ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा व ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अधीक्षण अभियंता का घेराव कर अघोषित कटौती पर जमकर खरी खोटी सुनाई। इस दौरान अधीक्षण अभियंता कक्ष में जमकर हंगामा हुआ और सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।तालेडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर ने अधीक्षण अभियंता के सामने ही अधिकारियों पर किसानों से ट्रांसफार्मर के लिये रिश्वत लेने का आरोप लगा दिया।



बूंदी में अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन कर ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

कांग्रेस कार्यकर्ता विद्युत कटौती बंद करो, विद्युत विभाग मुर्दाबाद की नारेबाज़ी करते हुये शुक्रवार दोपहर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा ने कहा कि बूंदी जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में भारी मात्रा में असंवैधानिक रूप से अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है जिससे आम जनता का जनजीवन त्रस्त हो चुका है।

ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा ने कहा कि अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को भारी परेशानी उठानी पड रही है। तालेडा ग्रामीण क्षेत्रों के थ्री फेस ब्लॉक भी पूरे नहीं हो पा रहे हैं किसानों को मात्र तीन घंटे बिजली मिल पा रही है।तालेडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर ने कहा कि विभाग को किसानों की आवाज सुननी चाहिये।

**सुचारू आपूर्ति के लिये ज्ञापन दिया:-** कांग्रेस पदाधिकारियों ने जेवीएनल के अधीक्षण अभियंता को बूंदी जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में सुचारू आपूर्ति की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि विद्युत विभाग के द्वारा जनता के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार के द्वारा जिलों में प्रभारी सचिवों को विद्युत और जलापूर्ति के लिये भेजने के बावजूद जनता को विद्युत कटौती से परेशान होना पड रहा है।ज्ञापन में बूंदी जिले में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को सुचारु कर किसानों को राहत देने की मांग की गयी है।

**सात दिन में सुधार नहीं हुआ तो अनशन:-** ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा ने बताया कि तत्काल अघोषित कटौती बंद नही की गयी और किसानों व आम जनता को राहत नही मिली तो सप्ताह भर बाद विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर आमरण अनशन प्रारंभ किया जायेगा।रंधावा ने बताया कि भरता बावडी,अल्फानगर सीतापुरा, धनातरी,गागोस फीडर पर किसानों को मात्र 3 घंटे बिजली मिल पा रही है।बार बार 33 केवी लाईन बंद करने से किसानों का बहुत नुकसान हो रहा है।

प्रदर्शनकारियों में तालेडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेमशंकर राठौर,किसान नेता गुरुतेज सिंह रंधावा, एनएसयुआई छात्र नेता किशन गुर्जर, आकाश चौधरी, युवा नेता ओमप्रकाश भील, रमेश मीणा, धनराज भील, सिकंदर मीणा, रामभरोस भील, हर्षपाल रंधावा, पांचू लाल भील,आकाश चौधरी, लोकेश उमरवाल,धनराज भील, धारा सिंह मीणा, चौथराम भील, राकेश चांदना, उदय सिंह कुमावत, विशाल भील, रौनक कुमावत, नंदकिशोर, दुर्गा लाल भील, नेतराम जांगिड आदि सम्मिलित रहे।

अधीक्षण अभियंता के के शुक्ला ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से कहा कि तालेड़ा क्षेत्र में वर्तमान में लोड सेटिंग की वजह से आपूर्ति में परेशानी आ रही है उन्होंने आपूर्ति के जल्द ही सुचारू होने का भरोसा दिलाया।

### फलदार और छायादार पौधे लगाए

**छबड़ा** (निसं)। तीतरखेड़ी पंचायत क्षेत्र के सरकारी भवनों व सार्वजनिक क्षेत्र में 'एक पेड़-मां के नाम' अभियान के तहत 530 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए।

सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि यहां वरिष्ठ भाजपा नेता पराक्रम सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पौधा लगाकर उनकी देखरेख करनी चाहिए। क्योंकि पेड-पौधों से हमें शुद्ध हवा मिलती है।

शुद्ध हवा की वजह से हम जीवित और स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी बलराम, पटवारी निशा मीना, कनिष्ठ सहायक गोट्या लाल, वार्ड मेंबर हरिसिंह लोधा आदि मौजूद थे।

इसी प्रकार, पीएमश्री राउमावि छबड़ा में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत सीबीईओ ओमप्रकाश गालव के मुख्य आतिथ्य और उप प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में बड, पीपल, नीम, जामुन, आम सहित विभिन्न प्रजाति के 500 पौधों का रोपण किया गया।

अभियान के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय कडैयावन और भुवाखेडी पीईईओ क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गोगाटोडी एवं अन्य पीईईओ क्षेत्रो के विद्यालय में भी पीईईओ अधीनस्थ निजी और राजकीय विद्यालयो में हरियालो म्हारो बारां अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा है।

# राहुल गांधी के बयान की सी.बी.आई. जांच की मांग, प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

■ हिंदू धर्म एवं अग्निवीर सेना पर दिए विवादित बयान पर आक्रोश जताया

**बून्दी** (निसं)। समस्त हिंदू समाज जिला बूंदी द्वारा राहुल गांधी द्वारा हिंदू धर्म एवं अग्निवीर सेना पर दिए विवादित बयान को लेकर हिंदू समाज द्वारा जिला कलेक्टर बून्दी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम सीबीआई जांच करवाने की मांग करवाने को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया।

प्रशांत मोदी ने बताया कि 1 व 2 जुलाई को संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिये गये अभिभाषण में हिंदुओं एवं अग्निवीरो के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। राहुल गांधी द्वारा अपने अभिभाषण में हिंदुओं को हिंसक व असत्यवादी कहा गया, जिससे भारत एवं विदेशों में रह रहे करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचा है। हिंदू धर्म को मानने वाले व्यक्तियों का अपमान हुआ है ऐसी स्थिति देश में धार्मिक विद्रोह होने की प्रबल संभावनाएं हैं जिससे शान्ति पुर्ण सौहार्द पुर्ण दूषित हो जाएगा। इस प्रकार राहुल गांधी द्वारा दिए गए अपने बयानों में अग्निवीर पर असत्य तथ्यों के आधार पर टिप्पणी की गई तथा अग्निवीर अजय कुमार को दिये गये मुआवजे के संदर्भ में असत्य फैलाया गया है, जिससे अग्नि वीरो का अपमान हुआ है उनके मनोबल में कमी आई है। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा व आंतरिक सुरक्षा पर संदेह उत्पन्न हुआ है इससे विरोधी देशों के मनोबल में वृद्धि हुई है जिससे देश की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो गया है।

उक्त बयानों से आहत होकर हिंदू समाज द्वारा रेडक्रॉस के यहां से एकत्रित हो कर प्रदर्शन करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर सीबीआईजांच कराने एवं उचित कार्रवाई करवाने को लेकर सकल हिंदू समाज के व्यक्तियों द्वारा जिला कलेक्टर महोदय को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया इस दौरान प्रशान्त मोदी, मनीष शर्मा, उदय सिंह,कमलेश शर्मा, कमलेश त्रिपाठी, उमेश आर्य, भोला शंकर प्रजापत, हेमन्त मेहर, राजेश खोईवाल, प्रदीप गिलानि, भुर सिंह, नरेन्द्र नायक,अमन गोस्वामी, सागर नरवाल, सुरेश कुमार सेन,कमल सुमन, आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 'कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए आवेदन करें'

**झालावाड़** (निसं)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ 2024 मौसम हेतु राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना गत 9 जुलाई को जारी की गई है। झालावाड जिले में इस योजना का क्रियान्वयन एग्रीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा किया जायेगा। जिले के लिए फसलों को पटवार सर्किल एवं तहसील स्तर पर संसूचित किया गया है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चन्द मीणा ने बताया कि सोयाबीन को सभी तहसीलों के पटवार मण्डल पर संसूचित किया गया है, जबकि मक्का को अकलेरा तहसील में पटवार मण्डल पर संसूचित किया गया है। उड़द को पचपहाड व सुनेल तहसील में पटवार मण्डल पर संसूचित किया गया है। मक्का को असनावर, बकानी, डग, गंगधार, पचपहाड़ एवं पिड़ावा में तहसील स्तर पर संसूचित किया गया है व उड़द की फसल को तहसील अकलेरा, बकानी, डग, झालरापाटन, खानपुर, पिड़ावा, व रायपुर में तहसील स्तर पर संसूचित किया गया है।

उन्होंने बताया कि कृषकों को उडद की फसल पर राज्य एवं केन्द्रीय अनुदान पश्चात् 667.34 रूपये प्रति हैक्टेयर प्रीमियम राशि जमा करनी है। इसी तरह मक्का की फसल में अनुदान पश्चात् राशि 953.82, धान में 1208.22 व सोयाबीन में 837.44 रूपये प्रति हैक्टेयर प्रीमियम देय होगा।

इस योजनान्तर्गत फसली ऋण लेने वाले कृषक, गैर ऋणी कृषक एवं बंटाईदार कृषकों द्वारा फसलों का बीमा करवाया जा सकेगा। ऋणी कृषको के प्रीमियम बैंकों द्वारा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर दिये गये इंटरफेस पीएवाई-जीओवी के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त, 2024 है। वहीं गैर ऋणी कृषकों के लिए ऑनलाईन बीमा प्रस्ताव की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024 है। सभी गैर ऋणी कृषक अपना बीमा निकटतम सीएससी के माध्यम से अथवा बीमा कम्पनी के अधिकृत बीमा एजेन्ट के माध्यम से करा सकते हैं।

इस हेतु आवश्यक दस्तावेज यथा जमाबंदी की नवीनतम नकल स्वयं सत्यापित, स्वयं घोषणा-पत्र जिसमें प्रत्येक खसरा संख्या का कुल क्षेत्र, प्रस्तावित फसल का बुवाई क्षेत्र, मालिक का नाम एवं बीमा हित का प्रकार (स्वयं परिवार एवं बटाई) अंकित कर, बैंक खाता पासबुक की प्रति, बटाईदार कृषक संबंधित खातेदार के द्वारा जमीन बटाई पर दी गई है का शपथ पत्र, बंटाईदार कृषक के स्वयं का राजस्थान का मूल निवास प्रमाण-पत्र, बंटाई पर लेने वाले व देने वाले कृषक का आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित प्रति अपलोड करना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत खरीफ 2024 में ऋणी कृषकों का बीमा एच्छिक आधार पर किया जायेगा। अगर कोई ऋणी कृषक अपना बीमा नहीं करवाना चाहते हैं, तो उनको संबंधित बैंक में संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में बीमा नहीं करने का लिखित आवेदन 24 जुलाई, 2024 से पहले देना होगा।

साथ ही बीमित फसलों में परिवर्तन की सूचना संबंधित बैंक व वित्तीय संस्थाओं को 29 जुलाई, 2024 तक देना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिये अपने क्षेत्र के कृषि पर्यवेक्षक व सहायक कृषि अधिकारी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि अथवा निकटतम कृषि विभाग के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज

■ बून्दी न्यायक्षेत्र में कुल 13 न्यायपीठों का गठन किया

**बून्दी** (निसं) माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 जुलाई (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी बून्दी न्यायक्षेत्र के न्यायालयों में किया जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बूंदी न्याय क्षेत्र में कुल 13 न्याय पीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत आज के युग में न्याय क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लोक अदालतों के माध्यम से मामलों का निपटारा पक्षकारों के बीच समझौते व राजीनामों के माध्यम से किये जाने का प्रयास किया जाता है। पक्षकारों के मध्य मनमुटाव को आपसी समझौते के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया जाता है।

उन्होंने बताया कि इन अदालतों की खास बात यह है कि इसमें किसी भी प्रकार की लंबी प्रक्रिया से गुजरना नहीं होता एवं मामले का निपटारा भी शीघ्र हो जाता है। इन अदालतों में न्याय सब के लिए की अवधारणा को साकार करने का प्रयास किया है। ऐसे व्यक्ति जो आर्थिक रूप से पिछडे हुए है, गरीब है, उनके लिए तो यह अदालतें वरदान साबित हुई हैं। विवाद के समाधान की प्रकिया व तकनीक जिसके माध्यम से विवादों के पक्षकारों को बिना मुकदमें के ही विवाद का समाधान खोजने में मदद मिलती है।

उन्होने बताया कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत पक्षकार बिना किसी मुकदमे के ही विवाद का समाधान प्राप्त कर सकते है। यह प्रक्रिया न्यायालय एवं औपचारिक कानूनी प्रणाली का एक विकल्प है एवं विवाद को शांतिपूर्ण, शीघ्रता व सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाए जाने का एक माध्यम है। लोक अदालत न्यायालय में लंबित या दाखिल किए गए ऐसे मामले, जो न्यायालय में दाखिल किए जाने वाले हो, मामलों का सौहार्दपूर्ण निपटारा किया जाता है। यह अदालते सामान्य न्यायालयों से अलग होती है। पक्षकारों के बीच समझौते के माध्यम से विवादों का निपटारा किया जाता है। लोक अदालत के अन्तर्गत राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, धारा 138, एन.आई. एक्ट प्रकरण, धन वसूली के प्रकरण, एम.ए.सी.टी प्रकरण, नल व बिजली के प्रकरण, वैवाहिक विवाद, भरण पोषण से सम्बन्धित प्रकरण, भूमि अधिग्रहण से सम्बन्धित प्रकरण, सभी प्रकार के राजस्व मामले, जनउपयोगी सेवाओं से सम्बन्धित विवाद, उपभोक्ता व विक्रेता के मध्य विवाद व अन्य सिविल मामलों आदि विवादों का निपटारा किया जा सकता है।

उन्होने बताया कि लोक अदालत का सबसे बडा लाभ यह है कि इसमें कोई कोर्ट फीस नहीं लगती है, दोनों पक्षकार न्यायाधीश के साथ स्वंय अथवा अपने वकील के माध्यम से बात कर सकते है, जो सामान्य अदालतों में संभव नहीं, निर्णय, पंचाट के माध्यम से दिया जाता है, जो पक्षकारों पर लागू होता है। आमजन से अपील की जाती है कि 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक फायदा उठाये।

# पंचायत समिति व पी.एच.सी सम्मानित

**झालावाड़** (निसं)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर, झालाना डूंगरी, जयपुर में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथिमुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व अध्यक्षता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, मिशन निदेशक जितेन्द्र कुमार सोनी थे। कार्यक्रम में जनसंख्या स्थायीत्व मिशन को प्राप्त करने के लिये राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2023-24 में झालावाड जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरडा ब्लॉक अकलेरा को राजकीय पीएचसी श्रेणी में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं 1 लाख रुपये का चैक एवं पंचायत समिति श्रेणी में प.स. अकलेरा को चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं 2 लाख रुपये का चैक उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) डॉ. अरविन्द कुमार नागर, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी अकलेरा डॉ. कुलवीर सिंह राजावत, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी पीएचसी सरडा डॉ. शोएब को माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदान कर सम्मानित किया।

उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) डॉ. अरविन्द कुमार नागर ने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्य स्तर से आवंटित लक्ष्यों के विरुद्ध स्थाई साधन में नसबंदी गतिविधी में 209 प्रतिशत एवं पीपीआईयूसीडी इंसर्शन में 117 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई। साथ ही परिवार कल्याण के अस्थाई साधनों में भी जिले के द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि इस वर्ष विशेष कार्ययोजना के अनुरुप कार्य करते हुये जिले को फिर अव्वल बनाने को पुरजोर प्रयास किया जावेगा। साथ ही चिकित्सा विभाग का ध्येय यही रहेगा कि जिला राज्य स्तर पर बेहतर से बेहतर कार्य करे ताकि आमजन को सुलभ चिकित्सा सेवाऐं प्रदान की जा सके।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अन्तर्गत वृक्षारोपण किया

**बूंदी** (निसं)। मेडिकल कॉलेज के छात्रों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए शुक्रवार को तालाब गांव स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में आरएसआरडीसी की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मेडिकल कॉलेज प्राचार्य गुलाब कंवर ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 'एक पेड मां के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण से प्रकृति खुशहाल होगी और हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि कॉलेज परिसर में इस वर्ष 400 पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 1500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के शैक्षिणक स्टॉफ, छात्र-छात्राएं एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारी, कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कॉलेज प्रोफेसर डॉ. विजय नायक, आरएसआरडीसी के परियोजना अधिकारी सुरेंद्र सिंह गुर्जर भी मौजूद रहे।

# रामगंजमंडी ग्रेन एण्ड सीड्स मर्चेन्ट एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

■ व्यापार में सत्य पवित्रता शुद्धि दया व दान के चरणों का पालन करने की जरूरत : शंकराचार्य

**रामगंजमंडी** (निसं)। ग्रेन एण्ड सीड्स मर्चेन्ट एसोसिएशन रामगंजमंडी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन लोकार्पण हुआ। एसोसिएशन के शानदार नवनिर्मित भवन का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम दोपहर तीन बजे बाद परम् पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य प्रात: स्मरणीय श्री ज्ञानानन्द जी भानपुरा पीठ के करकमलों से सम्पन्न हुआ।

इससे पूर्व रामायण पाठ की पूर्णाहुति हवन शांति के साथ हुई।ग्रेन एंड सीडस मर्चेंट एसोसिएशन के नवनिर्मत भवन के लोकार्पण हेतु जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानन्द तीर्थ (भानपुरा पीठ) रामगंजमंडी पधारे। रामगंजमंडी की कृषि उपज मंडी में महाराज जी का जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। उसके बाद उन्हें जुलूस के रूप में बैंडबाजों आतिशबाजी व श्रीराम व गुरुदेव के जय कारों के साथ प्रवचन स्थल तक लाया गया। इस अवसर पर ग्रेन एण्ड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के संरक्षक केवलचंद लुहाड़िया त्रिलोक सांवला अध्यक्ष



ग्रेन एण्ड सीड्स मर्चेन्ट एसोसिएशन रामगंजमंडी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन हुआ।

मुकेश धाकड उपाध्यक्ष हरकचंद अहीर कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता सचिव अशोक पाटीदार (लाला) सहसचिव योगेश गुप्ता (दलाल) सहित सभी व्यापारीगण व कृषि उपज मंडी के पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र राजा सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ ने अपने प्रवचन में कहा धनिए के मधुम से यहां धन का संचय हो रहा है धनिए की सुगंध हाडौती व मालवा की माटी में है। धन तो सभी लोग कमाते है धन संसारिक जीवन के लिए आवश्यक है। बिना अर्थ के कोई सुविधा नहीं मिलती लेकिन अर्थ नीति व धर्म मार्ग का पालन करते हुए धन कमाया तो वह सुकून वाला होता है। अधर्मियों की तरक्की जल्दी होती है लिए रुई का पहाड असानी से बन जाता है लेकिन वह टिकाऊ नहीं होता है। बुद्धिमान मनुष्य को चाहिए कि वो धन की शुद्धि पर विचार करें।अन्न शुद्ध होगा तो मन भी शुद्ध होगा।

व्यापार में सत्य, पवित्रता, शुद्धि, दया व दान के चरणों का पालन करने की जरूरत है,दान से धन की शुद्धि होती है। इस मौके पर ग्रेन एंड सीड्स मर्चेन्ट एसोसिएशन द्वारा 30 वर्षों से निष्ठा के साथ सेवा देने वाले नटवर जोशी का संरक्षक व अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने सम्मान भी किया गया।

